PCS(J)(Pre)-2011

**ADN** Serial No. 20558

अपना अनुक्रमांक सामने अंकों में

बॉक्स के अन्दर लिखें

शब्दों में

प्रश्न-पुस्तिका शृंखला

**B**

**परीक्षा का वर्ष : 2011**

**प्रश्न-पुस्तिका**

# सामान्य ज्ञान एवं विधि

# GENERAL KNOWLEDGE & LAW

**समय : 03 घंटे** | **Time : 03 Hours**

**पूर्णांक : 200** | **Maximum Marks : 200**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।**

## महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अथवा अन्दर कहीं भी कुछ न लिखें ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।
4. **अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्न-पुस्तिका की सीरीज की कोडिंग सही-सही करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थियों की होगी ।**
5. यदि आप रफ कार्य करना चाहते हैं, तो ऐसा प्रश्न-पुस्तिका पर अथवा उत्तर-पत्रक पर न करें । रफ कार्य के लिए आपको प्रश्न-पुस्तिका के साथ अलग से वर्किंग शीट दी जायेगी । यदि आपको अतिरिक्त वर्किंग शीट की आवश्यकता हो तो अन्तरीक्षक (इन्विजिलेटर) से माँग लें । वर्किंग शीट पर वांछित सूचना **अभी भर** लें ।
6. **इस प्रश्न-पुस्तिका में दो भागों में 200 आइटम्स (प्रश्न) हैं जिसमें भाग-I (सामान्य ज्ञान) में 50 प्रश्न तथा भाग-II (विधि) में 150 प्रश्न हैं** । प्रत्येक आइटम के चार वैकल्पिक उत्तर आइटम के नीचे दिये गये हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक (आन्सर शीट) में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा काला कर दें ।
7. सभी प्रश्नों (आइटमों) का उत्तर दिया जाना है और प्रत्येक प्रश्न (आइटम) के समान अंक हैं । आपके जितने उत्तर सही होंगे उन्हीं के अनुसार अंक दिये जायेंगे ।
8. इस प्रश्न पत्र में नकारात्मक मूल्यांकन पद्धति लागू होगी । जिसका उल्लेख विज्ञापन में भी है ।
9. अपने उत्तर आपको अलग से दिये गये उत्तर-पत्रक में अंकित करने हैं । **आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं** । उत्तर-पत्रक के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य न होगा ।
10. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । जो सूचनायें उसमें वांछित हों उन्हें **अभी भर** लें।
11. जब टेस्ट पूरा कर लें तो अन्तरीक्षक को उत्तर-पत्रक वापस लौटा दें ।
12. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़ लिया है, इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और उत्तर-पत्रक पर तथा वर्किंग शीट पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक इन्तजार करें जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता ।

**जब तक न कहा जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।**

**महत्त्वपूर्ण : प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।**

## PART-I
## GENERAL KNOWLEDGE

1. The official language of the Union of India shall be Hindi in Devnagari script is mentioned in
   - (a) Article 341
   - (b) Article 342
   - (c) Article 343(1)
   - (d) Article 344

2. Who was the first President of Constitutent Assembly of India ?
   - (a) Dr. B. R. Ambedkar
   - (b) Dr. K. N. Katju
   - (c) Dr. Rajendra Prasad
   - (d) C. Rajagopalachari

3. Who is the author of the book 'Mudrarakshas' ?
   - (a) Kalidas
   - (b) Vishakadutta
   - (c) Banabhatta
   - (d) Jaydev

4. Which of the following is tallest building in the world ?
   - (a) Effiel Tower
   - (b) Burj Khalifa
   - (c) Statue of Liberty
   - (d) Qutub Minar

5. On which issue Srikrishna Committee recently submitted its Report ?
   - (a) Telangana issue
   - (b) Tax Reforms
   - (c) Kashmir issue
   - (d) Naxal issue

6. The Constitution of Jammu and Kashmir came into force on
   - (a) 26$^{th}$ Jan., 1954
   - (b) 26$^{th}$ Jan., 1957
   - (c) 26$^{th}$ Jan., 1958
   - (d) 26$^{th}$ Jan., 1959

7. The Institution of 'Ombudsman' first started in
   - (a) Germany in 1800
   - (b) Sweden in 1809
   - (c) England in 1874
   - (d) India in 1950

8. How many Schedules are there in the Constitution of India ?
   - (a) 9
   - (b) 10
   - (c) 11
   - (d) 12

9. In which year Mayor's Courts were introduced in three Presidency Towns in India ?
   - (a) 1726
   - (b) 1772
   - (c) 1774
   - (d) 1781

## भाग-I

## सामान्य ज्ञान

1. भारत संघ की राजभाषा हिन्दी देवनागरी लिपि में होगी, निहित है
   - (a) अनुच्छेद 341
   - (b) अनुच्छेद 342
   - (c) अनुच्छेद 343 (1)
   - (d) अनुच्छेद 344

2. भारतीय संविधान सभा के पहले अध्यक्ष कौन थे ?
   - (a) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
   - (b) डॉ. के.एन. काट्जू
   - (c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
   - (d) सी. राजगोपालाचारी

3. 'मुद्राराक्षस' नामक किताब का लेखक कौन है ?
   - (a) कालिदास
   - (b) विशाखदत्त
   - (c) बाणभट्ट
   - (d) जयदेव

4. निम्न में से कौन सी दुनिया की सबसे ऊँची इमारत है ?
   - (a) ऐफिल टावर
   - (b) बुर्ज खलीफा
   - (c) स्टेचु ऑफ लिबर्टी
   - (d) कुतुब मीनार

5. किस मुद्दे पर श्रीकृष्ण कमिटी ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट दी है ?
   - (a) तेलंगाना मुद्दे पर
   - (b) कर सुधार पर
   - (c) कश्मीर मुद्दे पर
   - (d) नक्सल मुद्दे पर

6. जम्मू और काश्मीर का संविधान अस्तित्व में आया
   - (a) 26 जनवरी, 1954
   - (b) 26 जनवरी, 1957
   - (c) 26 जनवरी, 1958
   - (d) 26 जनवरी, 1959

7. 'ओमबड्समेन' की संस्था सर्वप्रथम आरम्भ हुई
   - (a) 1800 में जर्मनी में
   - (b) 1809 में स्वीडन में
   - (c) 1874 में इंग्लैंड में
   - (d) 1950 में भारत में

8. भारतीय संविधान में कितनी अनुसूचियाँ हैं ?
   - (a) 9
   - (b) 10
   - (c) 11
   - (d) 12

9. किस साल में भारत में मेयर न्यायालय तीन प्रेसीडेन्सी नगरों में आरंभ की गयी थी ?
   - (a) 1726
   - (b) 1772
   - (c) 1774
   - (d) 1781

10. The $16^{th}$ SAARC Summit 2010 was held at

(a) Maldive
(b) Pakistan
(c) Bhutan
(d) Sri Lanka

11. Who is said to be the originator of the doctrine of separation of powers ?

(a) Dicey
(b) Montesqueue
(c) Locke
(d) Plato

12. Which provision of the Constitution of India deals with National Commission for Scheduled Castes ?

(a) Article 338
(b) Article 338A
(c) Article 340
(d) Article 343

13. 'World Investment Report' is an annual publication of

(a) I. M. F
(b) World Bank
(c) UNCTAD
(d) W. T. O.

14. Chapter-II of the Transfer of Property Act, 1882 shall not be deemed to effect any rule of

(a) Christian Law
(b) Muslim Law
(c) Parsi Law
(d) None of the above

15. By which Amendment, Article 21-A is added in the Constitution of India ?

(a) $84^{th}$ Amendment, 2001
(b) $85^{th}$ Amendment, 2001
(c) $86^{th}$ Amendment, 2002
(d) $87^{th}$ Amendment, 2003

16. Which type of euthanasia is permitted by the Supreme Court in 'Aruna Shanbaug V. Union of India', A.I.R. 2011 S.C. 1290 ?

(a) Active euthanasia
(b) Passive euthanasia
(c) Voluntary euthanasia
(d) Non-Voluntary euthanasia

17. Under International law the obligation of neutral country is

(a) Abstention
(b) Prevention
(c) Acquiescence
(d) All the above

10. 2010 का 16वाँ सार्क सम्मेलन हुआ था

(a) मालदीव में
(b) पाकिस्तान में
(c) भूटान में
(d) श्रीलंका में

11. शक्ति पृथक्करण के सिद्धान्त को देने का श्रेय किसको जाता है ?

(a) डायसी
(b) मान्टेस्क्यू
(c) लॉक
(d) प्लेटो

12. भारत के संविधान का कौन सा उपबंध राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का उपबंध करता है ?

(a) अनुच्छेद 338
(b) अनुच्छेद 338 क
(c) अनुच्छेद 340
(d) अनुच्छेद 343

13. 'वर्ल्ड इनवैस्टमेन्ट रिपोर्ट' किसका वार्षिक प्रकाशन है ?

(a) आई.एम.एफ.
(b) वर्ल्ड बैंक
(c) अंकटाड (यू.एन.सी.टी.ए.डी.)
(d) डब्लू.टी.ओ.

14. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम 1882 का अध्याय-2 किस विधि के नियम को प्रभावित करने वाला नहीं माना जायेगा ?

(a) क्रिश्चियन विधि
(b) मुस्लिम विधि
(c) पारसी विधि
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

15. भारत के संविधान में अनुच्छेद 21-A किस संशोधन द्वारा जोड़ा गया है ?

(a) 84वाँ संशोधन, 2001
(b) 85वाँ संशोधन, 2001
(c) 86वाँ संशोधन, 2002
(d) 87वाँ संशोधन, 2003

16. 'अरुणा शानबाग बनाम भारत संघ' ए.आई.आर. 2011 एस.सी. 1290 के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने किस प्रकार के यूथेनेसिया (इच्छा मृत्यु) को मंजूरी दी है ?

(a) एक्टिव यूथेनेसिया
(b) पैसिव यूथेनेसिया
(c) वॉलन्टरी यूथेनेसिया
(d) नॉन-वॉलन्टरी यूथेनेसिया

17. अंतर्राष्ट्रीय विधि के अन्तर्गत तटस्थ देश का कर्त्तव्य है

(a) परिवर्जन
(b) निवारण
(c) मूक सहमति
(d) उपरोक्त सभी

18. Who is the Secretary General of United Nations ?

(a) Ban ki Moon (b) Kofi Annan

(c) Bantros Ghali (d) None of the above

19. In which city of Japan radiation leakage occurred due to massive earthquake ?

(a) Tokyo (b) Fukushima

(c) Yakohama (d) Osaka

20. Who was the Chairman of the Drafting Committee of the Constitution of India ?

(a) Dr. Rajendra Prasad (b) Dr. Bhim Rao Ambedkar

(c) Dr. Radha Krishnan (d) Pt. Jawaharlal Nehru

21. How many States are permanent members of United Nations' Security Council ?

(a) 10 (b) 7

(c) 5 (d) 12

22. Who said : "International law is the vanishing point of Jurisprudence" ?

(a) Austin (b) Holland

(c) Oppenheim (d) Sir Henry Maine

23. In which year Indian Parliament passed Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act ?

(a) 2009 (b) 2005

(c) 2008 (d) 2006

24. After how many years India won Cricket World Cup in 2011 ?

(a) After 20 years (b) After 25 years

(c) After 28 years (d) After 30 years

25. In which year Right of Children to Free and Compulsory Education Act was enacted by Parliament of India ?

(a) 2009 (b) 2005

(c) 2008 (d) 2007

26. The concept of Directive Principles of State Policy is borrowed from

(a) Germany (b) France

(c) Ireland (d) U.S.A.

18. संयुक्त राष्ट्र के महासचिव कौन हैं ?

(a) बान की मून
(b) कोफी अन्नान
(c) बॉट्रस घाली
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

19. भीषण भूकम्प के कारण जापान के किस शहर में रेडियोधर्मी रिसाव हुआ है ?

(a) टोकियो
(b) फुकुशीमा
(c) याकूहामा
(d) ओसाका

20. भारतीय संविधान की प्रारूपण समिति का अध्यक्ष कौन था ?

(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(b) डॉ. भीमराव अम्बेडकर
(c) डॉ. राधाकृष्णन
(d) पं. जवाहरलाल नेहरू

21. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्य कितने राज्य हैं ?

(a) 10
(b) 7
(c) 5
(d) 12

22. किसने कहा कि –
"अंतर्राष्ट्रीय विधि विधिशास्त्र का लुप्त प्राय: बिन्दु है" ?

(a) आस्टिन
(b) हॉलैन्ड
(c) ओपेनहाइम
(d) सर हैनरी मेन

23. भारतीय संसद ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी अधिनियम किस वर्ष में पारित किया ?

(a) 2009
(b) 2005
(c) 2008
(d) 2006

24. भारत ने कितने वर्षों बाद 2011 में क्रिकेट विश्व कप जीता ?

(a) 20 वर्ष बाद
(b) 25 वर्ष बाद
(c) 28 वर्ष बाद
(d) 30 वर्ष बाद

25. भारतीय संसद ने बालकों का नि:शुल्क एवम् अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम किस वर्ष में पारित किया ?

(a) 2009
(b) 2005
(c) 2008
(d) 2007

26. राज्य के नीति के निदेशक तत्त्वों की संकल्पना किस देश से ली गई है ?

(a) जर्मनी
(b) फ्रांस
(c) आयरलैंड
(d) यू.एस.ए.

27. Which Amendment added Fundamental Duties in the Constitution of India ?

(a) 42nd Amendment (b) 44th Amendment

(c) 47th Amendment (d) 49th Amendment

28. The Ex-officio Chairman of the Council of States is

(a) President of India (b) Speaker of Lok Sabha

(c) Vice-President (d) None of the above

29. Stockholm Conference on 'Human Environment' was held in the year

(a) 1973 (b) 1972

(c) 1992 (d) 1942

30. In India 'Law Day' is celebrated every year on

(a) 5th April (b) 26th November

(c) 1st May (d) 5th June

31. Which one of the following organisations is directly related to the Child Welfare ?

(a) UNESCO (b) UNICEF

(c) WHO (d) WTO

32. The Theory of 'Social Engineering' was propounded by

(a) Austin (b) Ivor Jennings

(c) Roscoe Pound (d) Dicey

33. A Secular State

(a) promotes Religions (b) demotes Religions

(c) integrates Religions (d) remains neutral to Religions

34. What is the minimum reservations prescribed by the Constitution for Women in Panchayats ?

(a) 50 Percent (b) 30 Percent

(c) One-third (d) One-fourth

27. किस संशोधन से मौलिक कर्त्तव्य भारतीय संविधान में जोड़े गए हैं ?

(a) 42वाँ संशोधन
(b) 44वाँ संशोधन
(c) 47वाँ संशोधन
(d) 49वाँ संशोधन

28. राज्य सभा का पदेन सभापति कौन होता है ?

(a) भारत का राष्ट्रपति
(b) लोकसभा का अध्यक्ष
(c) उप-राष्ट्रपति
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

29. मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन निम्नलिखित में से किस वर्ष में आयोजित किया गया था ?

(a) 1973
(b) 1972
(c) 1992
(d) 1942

30. भारत में किस तारीख को प्रत्येक वर्ष 'विधि दिवस' मनाया जाता है ?

(a) 5 अप्रैल
(b) 26 नवम्बर
(c) 1 मई
(d) 5 जून

31. निम्नलिखित संगठनों में से कौन सा बच्चों के कल्याण से सीधे सम्बंधित है ?

(a) यूनेस्को
(b) यूनिसेफ
(c) डब्ल्यू.एच.ओ.
(d) डब्ल्यू.टी.ओ.

32. 'सामाजिक अभियांत्रिकी' सिद्धान्त किसने प्रवर्तित किया है ?

(a) आस्टिन
(b) आइवर जैनिंग्स
(c) रास्को पाउण्ड
(d) डायसी

33. एक पंथनिरपेक्ष राज्य

(a) धर्मों को प्रोत्साहित करता है ।
(b) धर्मों को हतोत्साहित करता है ।
(c) धर्मों को एकीकृत करता है ।
(d) धर्मों के प्रति तटस्थ रहता है ।

34. संविधान द्वारा पंचायतों में महिलाओं के लिये कितना न्यूनतम आरक्षण विहित है ?

(a) 50 प्रतिशत
(b) 30 प्रतिशत
(c) एक-तिहाई
(d) एक-चौथाई

35. Which country is not a permanent member of United Nations' Security Council ?

(a) U.S.A. (b) Russia

(c) Germany (d) France

36. In which year "Copenhagen Summit Conference" on climate change was held ?

(a) 2008 (b) 2010

(c) 2009 (d) 2011

37. Which Article of the Charter of the United Nations permitted Right to Self defence ?

(a) Article 2 (b) Article 51

(c) Article 13 (d) Article 47

38. Which of the following is not a basic feature of the Indian Constitution ?

(a) Preamble (b) Fundamental Rights

(c) Fundamental Duties (d) Judicial Review

39. Which of the following States in India is having a Legislative Council ?

(a) Punjab (b) Madhya Pradesh

(c) Gujarat (d) Andhra Pradesh

40. Who has been appointed as Chairperson of National Women Commission recently ?

(a) Krishna Teerath (b) Chandresh Kumari

(c) Girija Vyas (d) Ambika Soni

41. Which Fundamental Right was declared by Dr. B.R. Ambedkar as 'heart and soul' of the Constitution ?

(a) Right to Freedom

(b) Right to Constitutional Remedies under Article 32

(c) Right to Life

(d) Right to Equality

42. In which year biggest Arms Reduction Pact between U.S. and Russia was signed ?

(a) 2007 (b) 2008

(c) 2009 (d) 2010

35. कौन सा देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य नहीं है ?

(a) संयुक्त राज्य अमेरिका
(b) रूस
(c) जर्मनी
(d) फ्रांस

36. किस वर्ष में जलवायु परिवर्तन पर "कोपेनहेगैन शिखर सम्मेलन" हुआ था ?

(a) 2008
(b) 2010
(c) 2009
(d) 2011

37. संयुक्त राष्ट्र चार्टर के किस अनुच्छेद में आत्मरक्षा का अधिकार अनुमन्य है ?

(a) अनुच्छेद 2 में
(b) अनुच्छेद 51 में
(c) अनुच्छेद 13 में
(d) अनुच्छेद 47 में

38. निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय संविधान का आधारभूत ढाँचा नहीं है ?

(a) उद्देशिका
(b) मौलिक अधिकार
(c) मौलिक कर्त्तव्य
(d) न्यायिक समीक्षा

39. निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में विधान परिषद् है ?

(a) पंजाब
(b) मध्य प्रदेश
(c) गुजरात
(d) आन्ध्र प्रदेश

40. राष्ट्रीय महिला आयोग की नई अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है ?

(a) कृष्णा तीरथ
(b) चन्द्रेश कुमारी
(c) गिरिजा व्यास
(d) अम्बिका सोनी

41. डॉ. अम्बेडकर ने किस मौलिक अधिकार को भारतीय संविधान का 'हृदय एवं आत्मा' कहा था ?

(a) स्वतन्त्रता का अधिकार
(b) अनुच्छेद 32 के अधीन सांविधानिक उपचार का अधिकार
(c) जीवन का अधिकार
(d) समानता का अधिकार

42. अमेरिका और रूस के मध्य सबसे बड़ा शस्त्रों की कटौती का समझौता किस वर्ष में हुआ था ?

(a) 2007
(b) 2008
(c) 2009
(d) 2010

43. Constitutional Status to Panchayati Raj System was given by

(a) $24^{th}$ Amendment
(b) $25^{th}$ Amendment
(c) $42^{nd}$ Amendment
(d) $73^{rd}$ Amendment

44. National and State Disaster Management Authority is constituted under

(a) Cabinet Decision
(b) Planning Commission Decision
(c) Disaster Management Act, 2005
(d) Natural Calamities Management Act, 2005

45. The National Judicial Academy is located at

(a) New Delhi
(b) Hyderabad
(c) Bhopal
(d) Bangalore

46. The Planning Commission of India is a

(a) Statutory Body
(b) Advisory Body
(c) Constitutional Body
(d) Autonomous Body

47. In which case the Supreme Court of India laid down that evidence can be recorded by Video Conferencing ?

(a) Maneka Gandhi V. Union of India
(b) M.C. Mehta V. Union of India
(c) Pappu Yadav V. State of Bihar
(d) Kartar Singh V. State of Punjab

48. The Right to Information Act was enacted in

(a) 2002
(b) 2005
(c) 2007
(d) 2010

49. Right to speedy trial is

(a) Constitutional Right
(b) Fundamental Right
(c) Legal Right
(d) Directive Principle of the State Policy

50. Public Holidays are declared under

(a) Constitution of India
(b) Right to Information Act
(c) Negotiable Instruments Act
(d) Indian Contract Act

43. पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक मान्यता प्रदान की गई

(a) 24वें संशोधन द्वारा
(b) 25वें संशोधन द्वारा
(c) 42वें संशोधन द्वारा
(d) 73वें संशोधन द्वारा

44. राष्ट्रीय एवं राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की स्थापना की गयी है

(a) कैबिनेट निर्णय द्वारा
(b) योजना आयोग निर्णय द्वारा
(c) आपदा प्रबन्धन अधिनियम, 2005 द्वारा
(d) राष्ट्रीय संकट प्रबन्धन अधिनियम, 2005 द्वारा

45. राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी स्थित है

(a) नई दिल्ली
(b) हैदराबाद
(c) भोपाल
(d) बंगलौर

46. भारतीय योजना आयोग है एक

(a) कानूनी निकाय
(b) सलाहकार निकाय
(c) संवैधानिक निकाय
(d) स्वायत्त निकाय

47. किस वाद में भारत के उच्चतम न्यायालय ने प्रतिपादित किया था कि साक्ष्य वीडियो कॉन्फ्रेन्स से रिकार्ड किया जा सकता है ?

(a) मेनका गांधी बनाम भारत संघ
(b) एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ
(c) पप्पू यादव बनाम बिहार राज्य
(d) करतार सिंह बनाम पंजाब राज्य

48. सूचना का अधिकार अधिनियम पारित हुआ था

(a) 2002 में
(b) 2005 में
(c) 2007 में
(d) 2010 में

49. त्वरित विचारण का अधिकार है

(a) सांविधानिक अधिकार
(b) मौलिक अधिकार
(c) विधिक अधिकार
(d) राज्य की नीति के निर्देशक सिद्धान्त

50. किसके अन्तर्गत लोक अवकाश घोषित किये जाते हैं ?

(a) भारत का संविधान
(b) सूचना का अधिकार अधिनियम
(c) परक्राम्य लिखत अधिनियम
(d) भारतीय संविदा अधिनियम

## PART-II
## LAW

51. Under which Section of the Indian Penal Code, committing theft of a computer from a shop is punishable ?
(a) Section 379 (b) Section 380
(c) Section 381 (d) Section 383

52. State of A.P. Vs. R. Punnayya case deals with distinction between which of following Sections of Indian Penal Code ?
(a) Section 501 and 502 (b) Sections 299 and 300
(c) Sections 304–A and 304–B (d) Section 305 and 306

53. In which case the court made a clear distinction between 'common intention' and 'similar intention' ?
(a) Barendra Kumar Ghosh Vs. King Emperor
(b) Mahboob Shah Vs. King Emperor
(c) Kripal Singh Vs. State of U.P.
(d) Rishi Deo Pandey Vs. State of U.P.

54. 'Assault' under Section 351 of Indian Penal Code can be caused by
(a) gestures only (b) preparation only
(c) mere words (d) gestures or any preparation

55. Under which Section of Indian Penal Code Right to Private Defence of Property extends to causing death ?
(a) Section 103 (b) Section 102
(c) Section 101 (d) Section 100

56. Under which Section of Indian Penal Code dishonest misappropriation of property has been defined ?
(a) Section 403 (b) Section 405
(c) Section 406 (d) Section 415

57. Which Sections of Indian Penal Code provides for the offences relating to the Army, Navy and Air Force ?
(a) Sections 171–A to 171–I (b) Sections 124 to 129
(c) Sections 131 to 140 (d) Sections 165 to 171

58. The expression "unsoundness of mind"
(a) is not defined in I.P.C.
(b) is defined in I.P.C.
(c) is not treated as equivalent to insanity
(d) is not general exception in I.P.C.

## भाग-II

## विधि

51. भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा के अन्तर्गत दुकान से एक कम्प्यूटर की चोरी करना दण्डनीय है ?

(a) धारा 379 (b) धारा 380

(c) धारा 381 (d) धारा 383

52. ए.पी. राज्य बनाम आर. पुनाया वाद में भारतीय दण्ड संहिता की किन धाराओं में अन्तर स्पष्ट किया है ?

(a) धारा 501 तथा 502 (b) धारा 299 तथा 300

(c) धारा 304-A तथा 304-B (d) धारा 305 तथा 306

53. किस वाद में न्यायालय ने सामान्य आशय एवं समान आशय के अन्तर को स्पष्ट किया था ?

(a) बरेन्द्र कुमार घोष बनाम सम्राट (b) महबूब शाह बनाम सम्राट

(c) कृपाल सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (d) रिषि देव पाण्डे बनाम उत्तर प्रदेश राज्य

54. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 351 के अन्तर्गत 'हमलाकारित' किया जा सकता है

(a) केवल भावभंगिमा (b) केवल तैयारी

(c) केवल शब्दों (d) भावभंगिमा या कोई तैयारी

55. भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा के अन्तर्गत सम्पत्ति की रक्षा के अधिकार का विस्तार मृत्यु कारित (वध) तक हो सकता है ?

(a) धारा 103 (b) धारा 102

(c) धारा 101 (d) धारा 100

56. भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा के अन्तर्गत सम्पत्ति का बेईमानी से दुर्विनियोग परिभाषित किया गया है ?

(a) धारा 403 (b) धारा 405

(c) धारा 406 (d) धारा 415

57. भारतीय दण्ड संहिता की कौन सी धारायें थल सेना, नौ सेना तथा वायु सेना से सम्बन्धित अपराधों के सम्बन्ध में प्रावधान करती हैं ?

(a) धारायें 171-A से 171-I (b) धारायें 124 से 129

(c) धारायें 131 से 140 (d) धारायें 165 से 171

58. शब्दावली 'विकृतचित्तता' को

(a) भारतीय दण्ड संहिता में परिभाषित नहीं किया गया है ।

(b) भारतीय दण्ड संहिता में परिभाषित किया गया है ।

(c) पागलपन के समान नहीं माना जाता है ।

(d) भारतीय दण्ड संहिता में साधारण अपवाद नहीं माना गया है ।

59. The offence of 'abetment' is constituted by

(a) aiding
(b) conspiring
(c) instigating
(d) All the above

60. Which one of the following writers has observed that "Man's ignorance of law cannot be excused because he is bound to know it" ?

(a) Austin
(b) Bailey
(c) Kelsen
(d) None of the above

61. Death penalty cannot be done away with from Indian society. Life imprisonment is a rule and death penalty is an exception. Therefore, the apex court pronounced its judgement that it can be awarded only in "rarest of rare cases". The name of the case is

(a) Hardayal Vs. State of U.P.
(b) State of U.P. Vs. Parasnath
(c) Bachan Singh Vs. State of Punjab
(d) Sri Bhagwan Vs. State of Rajasthan

62. Under Section 167 of the Code of Criminal Procedure, 1973 the maximum period of police custody of an arrested person is

(a) 90 days
(b) 60 days
(c) 15 days
(d) 7 days

63. Chief Judicial Magistrate may pass a

(a) sentence of imprisonment not exceeding 7 years
(b) sentence for life imprisonment
(c) death sentence
(d) sentence of imprisonment exceeding 7 years

64. Under which Section of Criminal Procedure Code compensation is paid to groundlessly arrested persons ?

(a) Section 357
(b) Section 358
(c) Section 357–A
(d) Section 360

65. The accused has indefeasible right to bail when investigation is not completed within

(a) 15 days
(b) 30 days
(c) 21 days
(d) 90 or 60 days

66. In which case Supreme Court of India directed the High Courts to exercise jurisdiction under Section 482 of Code of Criminal Procedure ?

(a) State of Haryana Vs. Bhajan Lal
(b) Adalat Prasad Vs. Navin Jindal
(c) Dinesh Dalmiya Vs. C.B.I.
(d) Dhananjay Chatterjee Vs. State of West Bengal

59. दुष्प्रेरण के अपराध में सम्मिलित है

(a) सहायता करना
(b) षड्यंत्र करना
(c) उकसाना
(d) उपरोक्त सभी

60. निम्न लेखकों में से किसने अवधारित किया है कि "मनुष्य की कानून की अज्ञानता इसलिये क्षमा नहीं की जा सकती क्योंकि वह उसे जानने के लिये आबद्ध है ।"

(a) ऑस्टिन
(b) बैली
(c) केलसन
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

61. भारतीय समाज से मृत्यु दण्ड नहीं हटाया जा सकता है । उम्र कैद एक नियम है और मृत्यु दण्ड अपवाद । अत: उच्चतम न्यायालय ने किस मामले में निर्णय दिया कि मृत्यु दण्ड विरल से विरलतम मामलों में ही दिया जा सकता है ?

(a) हरदयाल बनाम उत्तर प्रदेश राज्य
(b) उत्तर प्रदेश राज्य बनाम पारसनाथ
(c) बच्चन सिंह बनाम पंजाब राज्य
(d) श्री भगवान बनाम राजस्थान राज्य

62. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 167 के अन्तर्गत एक गिरफ्तार व्यक्ति की पुलिस अभिरक्षा की अधिकतम अवधि है

(a) 90 दिन
(b) 60 दिन
(c) 15 दिन
(d) 7 दिन

63. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारित कर सकता है

(a) सात वर्ष से कम कारावास का दण्डादेश
(b) आजन्म कारावास का दण्डादेश
(c) मृत्यु दण्डादेश
(d) सात वर्ष से अधिक कारावास का दण्डादेश

64. दण्ड प्रक्रिया संहिता की किस धारा के अन्तर्गत निराधार गिरफ्तार करवाए गए व्यक्तियों को प्रतिकर देने का उपबंध है ?

(a) धारा 357
(b) धारा 358
(c) धारा 357 A
(d) धारा 360

65. अभियुक्त को जमानत का अजेय अधिकार प्राप्त हो जाता है जब अन्वेषण नहीं पूरा होता

(a) 15 दिन के अन्दर
(b) 30 दिन के अन्दर
(c) 21 दिन के अन्दर
(d) 90 या 60 दिन के अन्दर

66. किस मामले में उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालयों को भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के अन्तर्गत क्षेत्राधिकार के प्रयोग के लिये दिशा निर्देश दिये हैं ?

(a) हरियाणा राज्य बनाम भजनलाल
(b) अदालत प्रसाद बनाम नवीन जिन्दल
(c) दिनेश डालमिया बनाम सी.बी.आई.
(d) धनन्जय चटर्जी बनाम पश्चिम बंगाल राज्य

67. In which case Supreme Court held that only a legally wedded wife can claim maintenance under Section 125 of Criminal Procedure Code ?
   (a) Savitaben Somabhai Bhatia Vs. State of Gujarat
   (b) S.K. Butt Vs. State of U.P.
   (c) Rajeev Choudhary Vs. State
   (d) Janak Singh Vs. State of U.P.

68. Which Section of Cr. P.C. deals with case diary ?
   (a) Section 169 (b) Section 171
   (c) Section 172 (d) Section 157

69. Which Section of Cr. P.C. provides that no court shall alter the judgement after it has been signed ?
   (a) Section 360 (b) Section 361
   (c) Section 362 (d) Section 462

70. Under which Section of Cr. P.C. addition or alteration of charge has been provided ?
   (a) Section 214 (b) Section 215
   (c) Section 216 (d) Section 218

71. Under which Section of Cr. P.C. a search warrant is issued ?
   (a) Section 92 (b) Section 93
   (c) Section 94 (d) Section 96

72. Section 164 of Cr. P.C. provides about which of the following ?
   (a) Recording of confession and statement
   (b) Examination of witnesses by police
   (c) Expert witnesses
   (d) Investigation procedure

73. In which Section of the Cr. P.C. it is provided that a male child below the age of 15 years cannot be called at police station ?
   (a) Section 160(1) (b) Section 161(2)
   (c) Section 160(2) (d) Section 163

74. Under which Section of Cr. P.C. cognizable offence has been defined ?
   (a) Section 2(a) (b) Section 2(c)
   (c) Section 2(i) (d) Section 2(1)

75. Under which Section of Cr. P.C. investigating officer record the statement of witnesses ?
   (a) Section 160 (b) Section 162
   (c) Section 161 (d) Section 164

67. किस वाद में उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि केवल विधिवत विवाहित पत्नी ही धारा 125 दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत भरण-पोषण का दावा कर सकती है ?

(a) सविताबेन सोमाभाई भाटिया बनाम गुजरात राज्य
(b) एस.के. भट्ट बनाम उत्तर प्रदेश राज्य
(c) राजीव चौधरी बनाम राज्य
(d) जनकसिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य

68. दण्ड प्रक्रिया संहिता की कौन सी धारा केस डायरी से सम्बन्धित है ?

(a) धारा 169 (b) धारा 171
(c) धारा 172 (d) धारा 157

69. दण्ड प्रक्रिया संहिता की कौन सी धारा प्रावधान करती है कि कोई न्यायालय निर्णय पर हस्ताक्षर करने के बाद उसे परिवर्तित नहीं करेगा ?

(a) धारा 360 (b) धारा 361
(c) धारा 362 (d) धारा 462

70. दण्ड प्रक्रिया संहिता की किस धारा में आरोप में किसी संयोजन अथवा परिवर्तन के लिये प्रावधान किया गया है ?

(a) धारा 214 (b) धारा 215
(c) धारा 216 (d) धारा 218

71. दण्ड प्रक्रिया संहिता की किस धारा के अन्तर्गत तलाशी वारन्ट जारी किया जाता है ?

(a) धारा 92 (b) धारा 93
(c) धारा 94 (d) धारा 96

72. दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 निम्नलिखित में से किस विषय में प्रावधानित करती है ?

(a) संस्वीकृति एवं कथन का दर्ज किया जाना (b) पुलिस द्वारा गवाहों की परीक्षा
(c) विशेषज्ञ परीक्षा (d) अन्वेषण प्रक्रिया

73. दण्ड प्रक्रिया संहिता की किस धारा में यह प्रावधान है कि एक 15 वर्ष से कम आयु के बालक को पुलिस थाने में नहीं बुलाया जा सकता ?

(a) धारा 160 (1) (b) धारा 161 (2)
(c) धारा 160 (2) (d) धारा 163

74. दण्ड प्रक्रिया संहिता की किस धारा में संज्ञेय अपराध की परिभाषा दी गई है ?

(a) धारा 2(a) (b) धारा 2(c)
(c) धारा 2(i) (d) धारा 2(1)

75. दण्ड प्रक्रिया संहिता की किस धारा में अन्वेषण अधिकारी गवाह के कथन का अभिलेख करता है ?

(a) धारा 160 (b) धारा 162
(c) धारा 161 (d) धारा 164

76. Monthly amount of Maintenance under Section 125 of Cr. P.C. is
(a) ₹ 500
(b) ₹ 1,000
(c) ₹ 5,000
(d) without any limit

77. Who is authorised to appoint Public Prosecutor for a District ?
(a) High Court
(b) State Government
(c) District Judge
(d) District Magistrate

78. Which court will grant the anticipatory bail under Section 438 of Cr. P.C. ?
(a) High Court
(b) Session Court
(c) Session Court or High Court
(d) Judicial Magistrate First Class

79. Which Section of Cr. P.C. authorises the Public Prosecutor to withdraw the prosecution ?
(a) Section 304
(b) Section 313
(c) Section 321
(d) Section 323

80. Under which Sections of Cr. P.C. Provision regarding 'summary trial' is given ?
(a) Sections 360 – 365
(b) Sections 260 – 265
(c) Sections 256 – 259
(d) Sections 180 – 190

81. Classification of Bailable and Non-bailable offences in Cr. P.C. is provided under
(a) First Schedule of Cr. P.C.
(b) Second Schedule of Cr. P.C.
(c) Section 320 of Cr. P.C.
(d) Section 321 of Cr. P.C.

82. In which Section of the Indian Evidence Act 'Presumption as to Dowry Death' is provided ?
(a) Section 111–A
(b) Section 113–A
(c) Section 113–B
(d) Section 113

83. Which one of the following is not a case on Estoppel ?
(a) Palvinder Kaur Vs. State of Punjab
(b) Pickard Vs. Seers
(c) Sri Krishna Vs. Kurukshetra University
(d) Sarat Chand Dey Vs. Gopal Chand Laha

84. Which Section of the Indian Evidence Act lays down the rule that in certain circumstances admission can be proved by or on behalf of the person making it ?
(a) Section 18
(b) Section 19
(c) Section 20
(d) Section 21

76. दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अन्तर्गत मासिक भरण-पोषण भत्ता की राशि कितनी है ?

(a) ₹ 500
(b) ₹ 1000
(c) ₹ 5000
(d) बिना किसी सीमा के

77. किसी जिले के लिये लोक अभियोजक नियुक्त करने के लिये कौन प्राधिकृत है ?

(a) उच्च न्यायालय
(b) राज्य सरकार
(c) जिला न्यायाधीश
(d) जिला दण्डाधिकारी

78. दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 438 के अन्तर्गत अग्रिम जमानत देने का अधिकार किस न्यायालय का है ?

(a) उच्च न्यायालय
(b) सेशन न्यायालय
(c) सेशन न्यायालय या हाईकोर्ट
(d) जुडिशियल मेजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी

79. दण्ड प्रक्रिया संहिता की कौन सी धारा लोक अभियोजक को अभियोजन वापस लेने हेतु अधिकृत करती है ?

(a) धारा 304
(b) धारा 313
(c) धारा 321
(d) धारा 323

80. दण्ड प्रक्रिया संहिता की किन धाराओं के अन्तर्गत संक्षिप्त विचारण सम्बन्धी प्रावधान दिये गये हैं ?

(a) धारायें 360 – 365
(b) धारायें 260 – 265
(c) धारायें 256 – 259
(d) धारायें 180 – 190

81. दण्ड प्रक्रिया संहिता में जमानती तथा गैरजमानती अपराधों का वर्गीकरण किसके अन्तर्गत किया गया है ?

(a) दण्ड प्रक्रिया संहिता की प्रथम अनुसूची में
(b) दण्ड प्रक्रिया संहिता की दूसरी अनुसूची में
(c) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 320 में
(d) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 321 में

82. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में दहेज मृत्यु के बारे में उपधारणा दी गई है ?

(a) धारा 111-A
(b) धारा 113-A
(c) धारा 113-B
(d) धारा 113

83. निम्न में से कौन सा वाद 'विबन्ध' से संबन्धित नहीं है ?

(a) पलविन्दर कौर बनाम पंजाब राज्य
(b) पिकर्ड बनाम सीयर्स
(c) श्रीकृष्ण बनाम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय
(d) सरत चन्द्र डे बनाम गोपाल चन्द लाह

84. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में यह नियम प्रतिपादित किया गया है कि कुछ परिस्थितियों में स्वीकृति करने वाले व्यक्ति द्वारा या उसकी ओर से साबित की जा सकती है ?

(a) धारा 18
(b) धारा 19
(c) धारा 20
(d) धारा 21

85. Who can make an admission under Indian Evidence Act ?

(a) Witness to a Proceeding (b) A Party to Proceeding

(c) A Third Party (d) The Court

86. Under Evidence Act photo of a building is

(a) a primary evidence (b) a secondary evidence

(c) no evidence (d) None of the above

87. Which of the following is the best evidence ?

(a) Documentary evidence (b) Direct evidence

(c) Hearsay evidence (d) Circumstantial evidence

88. Under which Section of the Indian Evidence Act, a judge is empowered to ask any question relevant or irrelevant to a witness or a party to a suit ?

(a) Section 164 (b) Section 165

(c) Section 166 (d) None of the above

89. In which of the following cases constitutionality of Section 73 of the Evidence Act was challenged for violation of Article 20(3) of the Constitution ?

(a) State of Bombay Vs. Kathikalu

(b) Rattan Singh Vs. Himachal Pradesh

(c) Kashmira Singh Vs. State of M.P.

(d) None of the above

90. Which one of the following is not a case on 'Dying Declaration' ?

(a) Rattan Gaud Vs. State of Bihar

(b) Paniben Vs. State of Gujarat

(c) Sita Ram Vs. State of U.P.

(d) Kaushal Rao Vs. State of Maharashtra

91. In which Section of the Indian Evidence Act the words "to form part of the same transaction" are provided ?

(a) Section 5 (b) Section 6

(c) Section 7 (d) Section 8

92. Under which Section of the Indian Evidence Act the words "facts not otherwise relevant, become relevant" are provided ?

(a) Section 9 (b) Section 11

(c) Section 12 (d) Section 14

85. भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अन्तर्गत स्वीकृति कौन कर सकता है ?

(a) कार्यवाही से सम्बन्धित गवाह
(b) कार्यवाही से सम्बन्धित पक्षकार
(c) एक अन्य पक्षकार
(d) न्यायालय

86. साक्ष्य अधिनियम के अन्तर्गत भवन का फोटोग्राफ है

(a) एक प्राथमिक साक्ष्य
(b) द्वितीयक साक्ष्य
(c) कोई साक्ष्य नहीं
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

87. निम्नलिखित में से सबसे अच्छा साक्ष्य कौन सा है ?

(a) दस्तावेजी साक्ष्य
(b) प्रत्यक्ष साक्ष्य
(c) अनुश्रुत साक्ष्य
(d) पारिस्थितिक साक्ष्य

88. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा के अन्तर्गत एक न्यायाधीश वाद के पक्षकार या गवाह से सुसंगत या असंगत प्रश्न पूछने के लिये अधिकृत है ?

(a) धारा 164
(b) धारा 165
(c) धारा 166
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

89. निम्नलिखित में से किस केस में साक्ष्य अधिनियम की धारा 73 की संवैधानिकता को संविधान के अनुच्छेद 20(3) के अतिक्रमण के आधार पर चुनौती दी गई थी ?

(a) मुम्बई राज्य बनाम काठीकालू
(b) रतन सिंह बनाम हिमाचल प्रदेश
(c) कश्मीरा सिंह बनाम मध्य प्रदेश राज्य
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

90. निम्न में से कौन सा वाद 'मृत्युकालिक घोषण' से सम्बन्धित नहीं है ?

(a) रतन गोड बनाम बिहार राज्य
(b) पाणी बेन बनाम गुजरात राज्य
(c) सीताराम बनाम उत्तर प्रदेश राज्य
(d) कौशल राव बनाम महाराष्ट्र राज्य

91. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में "उसी संव्यवहार का भाग बनना" शब्दों का प्रावधान है ?

(a) धारा 5
(b) धारा 6
(c) धारा 7
(d) धारा 8

92. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में ये शब्द "वे तथ्य जो अन्यथा सुसंगत नहीं हैं, वे भी सुसंगत हो जाते हैं", का प्रावधान दिया है ?

(a) धारा 9
(b) धारा 11
(c) धारा 12
(d) धारा 14

93. A, is accused of receiving stolen goods knowing them to be stolen. The above is the illustration of

(a) Section 8 of the Evidence Act
(b) Section 12 of the Evidence Act
(c) Section 14 of the Evidence Act
(d) Section 13 of the Evidence Act

94. Which one in the following is not an exception to the 'Rule of hearsay' ?

(a) Dying Declaration
(b) Res Gestae
(c) Opinion of Expert
(d) Confession

95. The form of Dying Declaration is

(a) immaterial
(b) material
(c) must be in writing only
(d) must be orally spoken only

96. The question is, whether 'A' committed a crime at Lucknow on certain day. The fact that, on that day 'A' was at Delhi, is a relevant fact under which Section of the Indian Evidence Act ?

(a) Section 9
(b) Section 10
(c) Section 11
(d) Section 12

97. A 'Dying Declaration' to be admissible under Indian Evidence Act must be made before

(a) Magistrate
(b) Police Officer
(c) Doctor or Private person
(d) Magistrate, Police Officer, Doctor or Private person

98. Under which Section of the Indian Evidence Act, D.N.A. test can be admitted in Evidence ?

(a) Section 47
(b) Section 45
(c) Section 48
(d) Section 49

99. Which Section of the Indian Evidence Act deals with 'Hostile witness' ?

(a) Section 134
(b) Section 154
(c) Section 155
(d) Section 157

100. Which one of the following is provided under Section 133 of the Indian Evidence Act ?

(a) Acceptance of an Evidence
(b) Rejection of an Evidence
(c) Evidence of deaf and dumb
(d) Evidence of an accomplice

101. Under which Section of the Indian Evidence Act bad character of an accused is not relevant ?

(a) Section 54
(b) Section 52
(c) Section 53
(d) Section 118

93. 'क' चुराया हुआ माल, यह जानते हुए कि वह चोरी का है, प्राप्त करने का अभियुक्त है । उपरोक्त दृष्टान्त है
(a) साक्ष्य अधिनियम की धारा 8 का
(b) साक्ष्य अधिनियम की धारा 12 का
(c) साक्ष्य अधिनियम की धारा 14 का
(d) साक्ष्य अधिनियम की धारा 13 का

94. निम्न में से कौन सा अनुश्रुति के नियम का अपवाद नहीं है ?
(a) मृत्युकालिक कथन
(b) रेस जेस्टे
(c) विशेषज्ञ की राय
(d) संस्वीकृति

95. मृत्युकालिक घोषण का प्रारूप है
(a) तत्त्वहीन (महत्त्वपूर्ण नहीं है)
(b) तात्विक (महत्त्वपूर्ण है)
(c) केवल लिखित में होना चाहिये
(d) केवल मौखिक बोला जाना चाहिये

96. प्रश्न यह है कि क्या 'अ' ने अमुक दिन लखनऊ में अपराध किया । यह तथ्य कि 'अ' उस दिन दिल्ली में था, भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में सुसंगत है ?
(a) धारा 9
(b) धारा 10
(c) धारा 11
(d) धारा 12

97. 'मृत्युकालिक कथन' भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अन्तर्गत सुसंगत होने के लिये किसके सम्मुख होना चाहिये ?
(a) मजिस्ट्रेट
(b) पुलिस अधिकारी
(c) डॉक्टर या प्राइवेट व्यक्ति
(d) मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी, डॉक्टर या प्राइवेट व्यक्ति

98. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में डी.एन.ए. टेस्ट साक्ष्य में ग्राह्य है ?
(a) धारा 47
(b) धारा 45
(c) धारा 48
(d) धारा 49

99. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा 'पक्ष द्रोही साक्षी' की बात करती है ?
(a) धारा 134
(b) धारा 154
(c) धारा 155
(d) धारा 157

100. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 133 किस बारे में प्रावधान करती है ?
(a) साक्ष्य का स्वीकार किया जाना
(b) साक्ष्य का नकार किया जाना
(c) गूंगे बहरे व्यक्ति का साक्ष्य
(d) सह-अपराधी का साक्ष्य

101. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा के अन्तर्गत यह प्रावधान है कि अभियुक्त का पूर्व का बुरा शील सुसंगत नहीं है ?
(a) 54
(b) 52
(c) 53
(d) 118

102. Under which Section of the Indian Evidence Act 'Admission' is defined ?

(a) Section 17
(b) Section 18
(c) Section 21
(d) Section 20

103. Which of the following is not a public document under the Indian Evidence Act ?

(a) Judgement of the Court
(b) Arrest Warrant
(c) Will
(d) Affidavit

104. Under which Section of the Indian Evidence Act provision relating to "Examination-in-Chief" is provided ?

(a) Section 138
(b) Section 137
(c) Section 136
(d) Section 135

105. Under which Section of the Indian Evidence Act admissibility of Evidence shall be decided by the Judge ?

(a) Section 132
(b) Section 136
(c) Section 138
(d) Section 140

106. Which one of the following terms has not been defined by the Indian Evidence Act under Section 3 ?

(a) Court
(b) Document
(c) Evidence
(d) Confession

107. In which Section of the Civil Procedure Code term 'Mesne Profits' has been defined ?

(a) Section 2(4)
(b) Section 2(8)
(c) Section 2(12)
(d) Section 2(14)

108. The Provisions of Civil Procedure Code

(a) Specifically apply to Writ Petitions
(b) Do not specifically apply to Writ Petitions
(c) Always apply to Writ Petitions
(d) Never apply to Writ Petitions

109. Order VII, Rule 10 of Civil Procedure Code provide for

(a) Return of Plaint
(b) Rejection of Plaint
(c) Admission of Plaint
(d) Both (a) and (b) above

110. Objection as to place of suing shall be allowed in the court of first instance, is the essence of

(a) Section 21–A
(b) Section 20
(c) Section 22
(d) Section 21

**102.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में 'स्वीकृति' की परिभाषा दी गई है ?

(a) धारा 17 (b) धारा 18

(c) धारा 21 (d) धारा 20

**103.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अन्तर्गत निम्न में से कौन सा सार्वजनिक दस्तावेज नहीं है ?

(a) न्यायालय का निर्णय (b) गिरफ्तारी वारंट

(c) वसीयत (d) शपथ-पत्र

**104.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में 'मुख्य परीक्षा' से सम्बन्धित प्रावधान दिया गया है ?

(a) धारा 138 (b) धारा 137

(c) धारा 136 (d) धारा 135

**105.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में न्यायाधीश साक्ष्य की ग्राह्यता का निर्णय करता है ?

(a) धारा 132 (b) धारा 136

(c) धारा 138 (d) धारा 140

**106.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 3 के अन्तर्गत परिभाषित नहीं है ?

(a) न्यायालय (b) दस्तावेज

(c) साक्ष्य (d) संस्वीकृति

**107.** सिविल प्रक्रिया संहिता की किस धारा में 'अन्त:कालीन लाभ' को परिभाषित किया गया है ?

(a) धारा 2(4) (b) धारा 2(8)

(c) धारा 2(12) (d) धारा 2(14)

**108.** सिविल प्रक्रिया के उपबन्ध

(a) रिट याचिकाओं में विनिर्दिष्टत: लागू होते हैं ।

(b) विनिर्दिष्टत: रिट याचिकाओं में लागू नहीं होते ।

(c) रिट याचिकाओं में हमेशा लागू होते हैं ।

(d) रिट याचिकाओं में कभी लागू नहीं होते हैं ।

**109.** सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 7, नियम 10 में प्रावधानित है

(a) वादपत्र का लौटाया जाना (b) वादपत्र की अस्वीकृति

(c) वादपत्र का ग्रहण करना (d) उपर्युक्त (a) और (b) दोनों

**110.** वाद संस्थित करने की आपत्ति प्रथम बार के न्यायालय में स्वीकृत होगी; यह सिविल प्रक्रिया की किस धारा का सार है ?

(a) धारा 21-A (b) धारा 20

(c) धारा 22 (d) धारा 21

111. Under which Section of the Code of Civil Procedure "Inherent powers of the Court" has been provided ?

(a) Section 151
(b) Section 141
(c) Section 152
(d) Section 153

112. Under which Section of the Civil Procedure Code "Pecuniary Jurisdiction" of the Court has been provided ?

(a) Section 3
(b) Section 4
(c) Section 5
(d) Section 6

113. In which Section of the Civil Procedure Code provision relating to "Suit of a Civil nature" has been provided ?

(a) Section 8
(b) Section 9
(c) Section 10
(d) Section 11

114. Under which Section of Code of Civil Procedure provisions relating to "Principle of Res Judicata" has been provided ?

(a) Section 11
(b) Section 10
(c) Section 12
(d) Section 13

115. Under which Order of Civil Procedure Code Provision relating to "appointment of Receivers" has been provided ?

(a) Order XL, Rule 1
(b) Order XXI, Rule 1
(c) Order XI, Rule 1
(d) Order XX, Rule 1

116. Which of the following properties are liable to attachment and sale in execution of a decree under Section 60 of the Civil Procedure Code ?

(a) Bank Notes, Cheques and Bill of Exchange
(b) Cooking vessels, Beds & Wearing apparels
(c) Books of Accounts
(d) Stipends and Gratuity

117. Under the Code of Civil Procedure "pleadings" means

(a) Plaint only
(b) Written statement only
(c) Affidavit
(d) Plaint and Written Statement

118. Under Section 104 of the Code of Civil Procedure an appeal can be preferred against

(a) an order under Section 91 to refuse permission to institute suit
(b) an order under Section 95 for compensation
(c) an order under Section 92
(d) All of the above

**111.** सिविल प्रक्रिया संहिता की किस धारा में कोर्ट की अंतर्निहित शक्तियों का प्रावधान किया गया है ?

(a) धारा 151 (b) धारा 141

(c) धारा 152 (d) धारा 153

**112.** सिविल प्रक्रिया संहिता की किस धारा में कोर्ट की धन-संबंधी अधिकारिता का प्रावधान किया गया है ?

(a) धारा 3 (b) धारा 4

(c) धारा 5 (d) धारा 6

**113.** सिविल प्रक्रिया संहिता की किस धारा में 'सिविल प्रकृति का दावा' सम्बन्धित उपबन्ध का प्रावधान दिया गया है ?

(a) धारा 8 (b) धारा 9

(c) धारा 10 (d) धारा 11

**114.** सिविल प्रक्रिया संहिता की किस धारा में 'प्रांग न्याय का सिद्धान्त' सम्बन्धित उपबन्ध दिया गया है ?

(a) धारा 11 (b) धारा 10

(c) धारा 12 (d) धारा 13

**115.** सिविल प्रक्रिया संहिता के किस आदेश के अन्तर्गत 'रिसीवर नियुक्ति' का प्रावधान दिया गया है ?

(a) आदेश 40, रूल 1 (b) आदेश 21, रूल 1

(c) आदेश 11, रूल 1 (d) आदेश 20, रूल 1

**116.** सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 60 के अन्तर्गत डिक्री के कार्यान्वयन के लिये निम्नलिखित में से किन सम्पत्तियों की कुर्की एवं विक्रय की जा सकती है ?

(a) बैंक नोट, चेक एवं विनिमय पत्र (b) भोजन पकाने के बर्तन, पलंग एवं पहनने के वस्त्र

(c) लेख बहियाँ (d) वृत्तिकाएँ एवं आनुतोषिक (उपदान)

**117.** सिविल प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत 'अभिवचन' का अर्थ है

(a) केवल वाद पत्र (b) केवल लिखित कथन

(c) शपथ पत्र (d) वाद पत्र एवं लिखित कथन

**118.** सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 104 के अन्तर्गत अपील की जा सकती है

(a) धारा 91 के अन्तर्गत दावा दायर करने की इजाजत न देने के आदेश के विरुद्ध

(b) धारा 95 के अन्तर्गत प्रतिकर के आदेश के विरुद्ध

(c) धारा 92 के अन्तर्गत

(d) उपरोक्त सभी आदेशों के विरुद्ध

119. Which order of the Civil Procedure Code provides for a "Representative Suit" ?

(a) Order I, Rule 1 (b) Order II, Rule 1
(c) Order III, Rule 1 (d) Order IV, Rule 1

120. Order XXXIX, Rule 2 of the Civil Procedure Code deals with

(a) Attachment before judgement (b) Temporary Injunction
(c) Execution of Decree (d) Appointment of Receiver

121. Which Section of the Civil Procedure Code prohibits arrest and detention of women in execution of decree for money ?

(a) Section 55 (b) Section 56
(c) Section 57 (d) Section 58

122. Which one is not correctly matched ?

(a) Institution of Suit : Order IV
(b) Judgement and Decree : Order XX
(c) Issue of Summons : Order V
(d) Issue of Commissions : Order XXI

123. Under which Section/Order of the Civil Procedure Code a Provision is made to provide "free legal services to indigent persons" ?

(a) Section 151 (b) Section 115
(c) Order XXXIII, Rule 18 (d) XXXIX, Rule 2

124. As provided in Section 79 of the Code of Civil Procedure a suit by the Central Government must be filed in the name of

(a) The President of India (b) Attorney General of India
(c) Prime Minister of India (d) Union of India

125. Which Section of the Code of Civil Procedure provides for Right to lodge a 'Caveat' ?

(a) Section 148 (b) Section 148–A
(c) Section 153–A (d) Section 153–B

126. Which Section of the Civil Procedure Code grants exemption to Members of Legislatures from arrest and detention under civil process ?

(a) Section 80 (b) Section 134
(c) Section 135–A (d) Section 132

119. सिविल प्रक्रिया संहिता के किस आदेश में 'प्रतिनिधि वाद' का प्रावधान है ?

(a) आदेश 1, रूल 1
(b) आदेश 2, रूल 1
(c) आदेश 3, रूल 1
(d) आदेश 4, रूल 1

120. सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश XXXIX नियम 2 में निहित है

(a) निर्णय से पहले कुर्की
(b) अस्थायी व्यादेश
(c) डिक्री का निष्पादन
(d) रिसीवर की नियुक्ति

121. सिविल प्रक्रिया संहिता की कौन सी धारा धन सम्बन्धी आज्ञप्ति के निष्पादन में महिलाओं की गिरफ्तारी और निरुद्ध करने को निषिद्ध करता है ?

(a) धारा 55
(b) धारा 56
(c) धारा 57
(d) धारा 58

122. निम्न में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

(a) वाद संस्थित करना : आदेश 4
(b) निर्णय एवं डिक्री : आदेश 20
(c) सम्मन निर्गत करना : आदेश 5
(d) कमीशन जारी करना : आदेश 21

123. सिविल प्रक्रिया संहिता में निर्धन व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान किस धारा / आदेश में किया गया है ?

(a) धारा 151
(b) धारा 115
(c) आदेश 33, नियम 18
(d) आदेश 39, नियम 2

124. जैसा कि सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 79 में उपबंधित है, केन्द्र सरकार द्वारा कोई मुकदमा फाईल किया जाना चाहिये

(a) भारत के राष्ट्रपति के नाम से
(b) भारत के महान्यायवादी के नाम से
(c) प्रधानमंत्री के नाम से
(d) भारत संघ के नाम से

125. सिविल प्रक्रिया संहिता की किस धारा में 'केवियट' फाईल करने के अधिकार के बारे में उपबन्ध है ?

(a) धारा 148
(b) धारा 148-A
(c) धारा 153-A
(d) धारा 153-B

126. सिविल प्रक्रिया संहिता की कौन सी धारा विधान मण्डल के सदस्यों को सिविल प्रक्रिया के अधीन गिरफ्तारी या निरोध से मुक्त करती है ?

(a) धारा 80
(b) धारा 134
(c) धारा 135-A
(d) धारा 132

**127.** A mortgage by deposit of title deeds is called

(a) Anomalous Mortgage
(b) English Mortgage
(c) Equitable Mortgage
(d) Usufructuary Mortgage

**128.** Which is not covered by the term 'Transfer of Property' ?

(a) Gift
(b) Exchange
(c) Family settlement
(d) Lease

**129.** The Transfer of Property Act was enacted in the year

(a) 1883
(b) 1882
(c) 1881
(d) 1880

**130.** In which Section of Transfer of Property Act 'Onerous gift' is provided ?

(a) Section 127
(b) Section 126
(c) Section 125
(d) Section 124

**131.** Under Transfer of Property Act gift of future property is

(a) Valid
(b) Voidable
(c) Void
(d) Irregular

**132.** Under which Section of Transfer of Property Act 'Fraudulent Transfer' is defined ?

(a) Section 21
(b) Section 35
(c) Section 53
(d) Section 41

**133.** By which of the following means, transfer of actionable claim may be made ?

(a) By Oral Agreement
(b) By Registered Instrument
(c) By an instrument in writing signed by transferor
(d) By a registered instrument attested by two witnesses.

**134.** Bellamy V. Sabine Case is related with which doctrine ?

(a) Doctrine of Perpetuity
(b) Doctrine of Election
(c) Lis Pendens
(d) Part-Performance

**135.** Which of the following interest is not transferable ?

(a) Vested Interest
(b) Spes Successionsis
(c) Contingent Interest
(d) Interest of Lessee

**127.** हक विलेख के निक्षेप द्वारा बन्धक को कहते हैं

(a) विलक्षण बन्धक
(b) इंग्लिश बन्धक
(c) साम्यापूर्ण बन्धक
(d) भोग बन्धक

**128.** कौन सा 'सम्पत्ति अन्तरण' पद के अन्तर्गत नहीं आता ?

(a) उपहार
(b) विनिमय
(c) पारिवारिक समझौता (बन्दोबस्त)
(d) पट्टा

**129.** सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम किस वर्ष में बनाया गया था ?

(a) 1883
(b) 1882
(c) 1881
(d) 1880

**130.** सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की किस धारा में 'दुर्भर दान' दिया गया है ?

(a) धारा 127
(b) धारा 126
(c) धारा 125
(d) धारा 124

**131.** सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के अन्तर्गत भावी सम्पत्ति का दान है

(a) विधिमान्य
(b) शून्यकरणीय
(c) शून्य
(d) अनियमित

**132.** सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की किस धारा में कपटपूर्ण अन्तरण की परिभाषा दी गई है ?

(a) धारा 21 में
(b) धारा 35 में
(c) धारा 53 में
(d) धारा 41 में

**133.** अनुयोज्य दावा का अन्तरण निम्नांकित में से किस तरीके से किया जा सकता है ?

(a) मौखिक करार द्वारा
(b) पंजीकृत लिखित द्वारा
(c) अन्तरणकर्त्ता द्वारा हस्ताक्षरित लिखत से
(d) दो साक्षियों द्वारा अनुप्रमाणित पंजीकृत लिखत से

**134.** बेलैमी बनाम सेबाइन वाद का सम्बन्ध किस सिद्धान्त से है ?

(a) शाश्वतता के सिद्धान्त से
(b) चयन के सिद्धान्त से
(c) लम्बित वाद से
(d) भागिक पालन से

**135.** निम्न में से कौन सा हित अन्तरणीय नहीं है ?

(a) निहित हित
(b) उत्तराधिकार की सम्भावना पर आधारित हित
(c) समाश्रित हित
(d) पट्टाधारी का हित

136. An universal donee is liable to the creditors of the donor, the liability of the donee is
- (a) Personal
- (b) To the extent of value of gifted property in hand
- (c) Based on pious obligation
- (d) Limited to reasonable extent

137. Which of the following Sections of T.P. Act contains exceptions to the Maxim "Nemodat quod non-habets" ?
- (a) Section 41 and 42
- (b) Section 41 and 44
- (c) Section 41 and 43
- (d) None of the above

138. Which Section was amended by the Transfer of Property (Amendment) Act 2002 ?
- (a) Section 100
- (b) Section 106
- (c) Section 108
- (d) Section 110

139. Prabodh Kumar Das V. Dantamara Tea Co. Ltd. case is related with the following doctrine :
- (a) Doctrine of Election
- (b) Doctrine of Lis Pendens
- (c) Doctrine of Part-Performance
- (d) Doctrine of Priority

140. How many witnesses are required for attesting an instrument under Transfer of Property Act ?
- (a) 3
- (b) 4
- (c) 5
- (d) 2

141. Whether partition of property can be called as transfer of property ?
- (a) Yes
- (b) No
- (c) Both (a) and (b)
- (d) None of the above

142. Section 14 of the Transfer of Property Act deals with
- (a) Rule against perpetuity
- (b) Doctrine of Election
- (c) Doctrine of Apportionment
- (d) Transfer for the benefit of unborn person

143. In which Section of the Transfer of Property Act the provisions regarding rights and liabilities of lessor and lessee are provided ?
- (a) 107
- (b) 108
- (c) 109
- (d) 110

144. 'A' transfers his property to 'B' for life and thereafter to his unborn son for life. In this case transfer of property to the unborn son is
- (a) Valid
- (b) Illegal
- (c) Voidable
- (d) Void

136. एक सर्वस्व आदाता, दाता के ऋणदाताओं के प्रति उत्तरदायी है, सर्वस्व आदाता का दायित्व
(a) व्यक्तिगत होता है ।
(b) दान स्वरूप प्राप्त सम्पत्ति के मूल्य की सीमा तक होता है ।
(c) पवित्र दायित्व पर आधारित होता है ।
(d) उचित सीमा तक सीमित होता है ।

137. "कोई व्यक्ति अपने से अच्छा स्वत्व अन्तरित नहीं कर सकता ।" इस कथन का अपवाद सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की किस धारा में समाहित है ?
(a) धारा 41 तथा 42
(b) धारा 41 तथा 44
(c) धारा 41 तथा 43
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

138. सम्पत्ति अन्तरण (संशोधन) अधिनियम 2002 से किस धारा में संशोधन किया गया है ?
(a) धारा 100
(b) धारा 106
(c) धारा 108
(d) धारा 110

139. प्रबोधकुमार दास बनाम दन्तमारा टी कम्पनी लिमिटेड वाद निम्न सिद्धान्त से सम्बन्धित है :
(a) चुनाव का सिद्धान्त
(b) लम्बित वाद का सिद्धान्त
(c) भागिक पालन का सिद्धान्त
(d) पूर्विकता का सिद्धान्त

140. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के अन्तर्गत एक लिखत को अनुप्रमाणित करने के लिये कितने साक्षी अपेक्षित हैं ?
(a) 3
(b) 4
(c) 5
(d) 2

141. क्या सम्पत्ति का बँटवारा सम्पत्ति अन्तरण कहा जा सकता है ?
(a) हाँ
(b) नहीं
(c) (a) और (b) दोनों
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

142. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 14 सम्बन्धित है
(a) शाश्वतता के विरुद्ध नियम से
(b) निर्वाचन के सिद्धान्त से
(c) प्रभाजन के सिद्धान्त से
(d) अजन्मे व्यक्ति के लाभ के लिये अन्तरण से

143. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की किस धारा के अन्तर्गत पट्टा करने वाले एवं पट्टा प्राप्त करनेवाले के अधिकार एवं दायित्व सम्बन्धी प्रावधान हैं ?
(a) 107
(b) 108
(c) 109
(d) 110

144. 'अ' अपनी सम्पत्ति जीवन पर्यन्त के लिये 'ब' को और उसके बाद उसके अजन्मे पुत्र को जीवन पर्यन्त के लिये अन्तरित करता है । इस मामले में अजात व्यक्ति के पक्ष में किया गया अन्तरण
(a) वैध है ।
(b) अवैध है ।
(c) शून्यकरणीय है ।
(d) शून्य है ।

145. Which one of the following is not an essential element of a Mortgage as defined u/sec. 58(a) of T.P.A. ?

(a) There must be transfer of interest.

(b) There must be promise to transfer of interest.

(c) The interest must be of some specific immovable property.

(d) The purpose of transfer must be to ensure payment of a debt.

146. 'A' transfers his property to 'B' by mortgage with the condition that for ten years 'B' will take the mortgage money from the income of the property and thereafter 'A' shall redeem the property by making the payment of remaining amount. This mortgage is

(a) Mortgage by conditional sale (b) Anomalous mortgage

(c) Simple mortgage (d) English mortgage

147. In Hindu Marriage Act, 1955 the Provision of 'Divorce by Mutual Consent' was added by an

(a) Amendment in 1964 (b) Amendment in 1976

(c) Amendment in 1978 (d) Amendment in 1980

148. The child born of void and voidable marriage under Hindu Law is

(a) Legitimate (b) Illegitimate

(c) Illegal (d) None of the above

149. The Provision for 'maintenance pendente lite' in Hindu Marriage Act, 1955 is given in

(a) Section 22 (b) Section 25

(c) Section 24 (d) Section 23

150. Concealment of pre-marriage pregnancy by the respondent can make marriage

(a) Voidable (b) Void

(c) Valid (d) None of the above

151. A person who dies without making a will is known as "Intestate". This has been defined under Hindu Succession Act in

(a) Section 3(c) (b) Section 3(g)

(c) Section 3(h) (d) Section 4

152. The constitutional validity of Section 9 of Hindu Marriage Act for the first time came for consideration in the case of

(a) Harvinder Kaur V. Harminder Singh

(b) Babooram V. Sushila

(c) T. Sareetha V. T. Venkata Subbaih

(d) Saroj Rani V. Sudarshan Kumar

**145.** निम्नलिखित में से कौन सा एक सम्पत्ति अन्तरण की धारा 58 (a) के अन्तर्गत परिभाषित बन्धक का आवश्यक अंग नहीं है ?

(a) हित का अन्तरण होना चाहिये ।

(b) हित के अन्तरण का वचन दिया जाना चाहिये ।

(c) हित किसी विनिर्दिष्ट अचल सम्पत्ति का होना चाहिये ।

(d) अन्तरण का उद्देश्य किसी ऋण के भुगतान का सुनिश्चित करना होना चाहिये ।

**146.** 'अ' बन्धक द्वारा अपनी सम्पत्ति 'ब' को इस शर्त के साथ अन्तरित करता है कि 10 वर्ष तक 'ब' सम्पत्ति की आय से बन्धक धन प्राप्त करेगा और उसके बाद 'अ' शेष रकम की अदायगी करके सम्पत्ति का मोचन करा लेगा । यह बन्धक है

(a) सशर्त विक्रय द्वारा बन्धक

(b) विलक्षण बन्धक

(c) सादा बन्धक

(d) अंग्रेजी बन्धक

**147.** हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 में पारस्परिक सम्मति से विवाह विच्छेद का उपबन्ध जोड़ा गया

(a) 1964 के संशोधन द्वारा

(b) 1976 के संशोधन द्वारा

(c) 1978 के संशोधन द्वारा

(d) 1980 के संशोधन द्वारा

**148.** हिन्दू विधि के अन्तर्गत शून्य तथा शून्यकरणीय विवाह की सन्तान होती है

(a) धर्मज

(b) अधर्मज

(c) अवैध

(d) इनमें से कोई नहीं

**149.** वाद कालीन भरण-पोषण का प्रावधान हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की किस धारा में है ?

(a) धारा 22

(b) धारा 25

(c) धारा 24

(d) धारा 23

**150.** विवाह पूर्व गर्भवती होने का तथ्य प्रतिवादी द्वारा छिपाया जाना, विवाह को बना सकता है

(a) शून्यकरणीय

(b) शून्य

(c) वैध

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**151.** एक व्यक्ति जो बिना वसीयत किये हुए मृत्यु प्राप्त करता है 'निर्वसीयती' कहा जाता है । ऐसा हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम की किस धारा में वर्णित है ?

(a) धारा 3(c)

(b) धारा 3(g)

(c) धारा 3(h)

(d) धारा 4

**152.** हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 9 की संवैधानिकता पर सर्वप्रथम किस वाद के तहत विचार किया गया ?

(a) हरविन्दर कौर बनाम हरमेन्दर सिंह

(b) बाबूराम बनाम सुशीला

(c) टी. सरिता बनाम टी. वैंकेटा सुबैया

(d) सरोजरानी बनाम सुदर्शन कुमार

**153.** What is the effect of Judicial Separation on marital relation under Hindu Marriage Act ?
(a) Marital relations comes to an end
(b) Marital relations is suspended
(c) Marriage becomes void
(d) Marriage becomes voidable

**154.** Under Hindu Marriage Act, 1955 the right to 'Permanent Alimony' is available
(a) to the husband only
(b) to the wife only
(c) to both husband and wife
(d) to the dependents only

**155.** The case relating to 'Constructive desertion' is
(a) Sunil Kumar V. Swarnalata
(b) Bipin Chandra V. Prabhavati
(c) Dastane V. Dastane
(d) Jyotish Chandra V. Meera

**156.** Under Hindu Marriage Act, Hindu includes
(a) Buddhist
(b) Sikh
(c) Jain
(d) All the above

**157.** Which Section of Hindu Marriage Act define 'Spinda Relationship' ?
(a) Section 2(a)
(b) Section 2(b)
(c) Section 3(f)
(d) Section 2(g)

**158.** In which Section of Hindu Marriage Act grounds of Divorce are provided ?
(a) Section 11
(b) Section 13
(c) Section 9
(d) Section 7

**159.** Section 3(c) of the Hindu Succession Act defines
(a) Agnate
(b) Cognate
(c) Full blood
(d) Half blood

**160.** 'Divorce by Mutual Consent' has been provided in
(a) Section 13(1A)
(b) Section 13A
(c) Section 13B
(d) Section 13(2)

**161.** The Hindu Marriage Act, 1955 contains the minimum period of desertion for filing a suit for Judicial separation is
(a) 3 years
(b) 5 years
(c) 7 years
(d) 2 years

**162.** A Hindu male of 30 years adopts a female child of 15 years of age. The adoption is
(a) valid
(b) voidable
(c) void
(d) illegal

153. हिन्दू विवाह अधिनियम के अन्तर्गत न्यायिक पृथक्करण का विवाह के सम्बन्ध पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(a) वैवाहिक सम्बन्ध समाप्त हो जाता है ।
(b) वैवाहिक सम्बन्ध स्थगित रहते हैं ।
(c) विवाह शून्य हो जाता है ।
(d) विवाह शून्यकरणीय हो जाता है ।

154. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत स्थायी निर्वाह व्यय, का अधिकार प्राप्त है

(a) केवल पति को
(b) केवल पत्नी को
(c) पति-पत्नी दोनों को
(d) केवल आश्रितों को

155. 'आन्वयिक अभित्यजन' से सम्बन्धित मामला है

(a) सुनील कुमार बनाम स्वर्णलता
(b) बिपिनचन्द्र बनाम प्रभावती
(c) दास्ताने बनाम दास्ताने
(d) ज्योतिष चन्द्र बनाम मीरा

156. हिन्दू विवाह अधिनियम के अन्तर्गत, हिन्दू में निहित है

(a) बौद्ध
(b) सिख
(c) जैन
(d) उपरोक्त सभी

157. हिन्दू विवाह अधिनियम की किस धारा में सपिण्ड संबन्ध परिभाषित है ?

(a) धारा 2(a)
(b) धारा 2(b)
(c) धारा 3(f)
(d) धारा 2(g)

158. हिन्दू विवाह अधिनियम की किस धारा में तलाक के आधार दिए गए हैं ?

(a) धारा 11
(b) धारा 13
(c) धारा 9
(d) धारा 7

159. हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम की धारा 3(c) में परिभाषित है

(a) गोत्रज
(b) सजातीय (बन्धु)
(c) पूर्णरक्त (सगा)
(d) आधा रक्त (सौतेला)

160. पारस्परिक सम्मति से तलाक (विवाह-विच्छेद) का प्रावधान किस धारा में दिया गया है ?

(a) धारा 13(1A)
(b) धारा 13A
(c) धारा 13B
(d) धारा 13(2)

161. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 में अधित्याग के आधार पर न्यायिक पृथक्करण के आवेदन हेतु कम से कम कितना समय है ?

(a) 3 साल
(b) 5 साल
(c) 7 साल
(d) 2 साल

162. 30 वर्ष का हिन्दू पुरुष 15 वर्ष की लड़की का दत्तक ग्रहण करता है । यह दत्तक-ग्रहण है

(a) वैध
(b) शून्यकरणीय
(c) शून्य
(d) अवैध

**163.** Section 23 and 24 of the Hindu Succession Act, 1956 has been omitted by Amendment Act in

(a) 1999 (b) 2004

(c) 2005 (d) 2010

**164.** In which Section of the Hindu Marriage Act, 1955 'bigamy' is prohibited ?

(a) Section 15 (b) Section 17

(c) Section 19 (d) Section 21

**165.** The Hindu Marriage Act, 1955 came into force on

(a) 26th January, 1955 (b) 15th August, 1955

(c) 18th May, 1955 (d) 30th January, 1955

**166.** Dastane V. Dastane is a case on

(a) Adoption (b) Marriage

(c) Guardianship (d) Divorce

**167.** Under Muslim Law the right of 'Shufaa' is firstly available to

(a) Shafi-i-Jar (b) Shafi-i-Khalil

(c) Shafi-i-Sharik (d) None of the above

**168.** Which one of the following is not a source of Muslim Law ?

(a) Quran (b) Sunnat

(c) Ijma (d) Shruti

**169.** Which one of the following is not the right of a wife on non-payment of Dower ?

(a) Refusal to cohabit

(b) Right to dower as debt

(c) Right to retain her deceased husband's property

(d) Right to increase or decrease dower

**170.** Which one of the following is not a mode of Talaq ?

(a) Refusal of Maintenance (b) Talaq-ul-Sunnat

(c) Talaq-ul-Biddat (d) Ila

**171.** In case of Divorce, the period of iddat is

(a) Four months (b) Three lunar months

(c) Two lunar months (d) None of the above

**172.** 'Muta' form of marriage is recognised in

(a) Hanafi School (b) Ithna Asharia School

(c) Maliki School (d) Ismilia School

163. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की 23 और 24 धाराओं का एक संशोधन द्वारा लोप कर दिया गया है
(a) 1999 में
(b) 2004 में
(c) 2005 में
(d) 2010 में

164. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की किस धारा द्वारा 'द्विविवाह' का प्रतिषेध किया गया है ?
(a) धारा 15
(b) धारा 17
(c) धारा 19
(d) धारा 21

165. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 कब प्रवृत्त हुआ ?
(a) 26 जनवरी 1955
(b) 15 अगस्त 1955
(c) 18 मई 1955
(d) 30 जनवरी 1955

166. दास्ताने बनाम दास्ताने का वाद है
(a) दत्तक-ग्रहण पर
(b) विवाह पर
(c) संरक्षकता पर
(d) विवाह विच्छेद पर

167. मुस्लिम विधि के अन्तर्गत 'शुफा' का अधिकार प्रथमत: उपलब्ध है
(a) शफी-इ-जार को
(b) शफी-इ-खलील को
(c) शफी-इ-शरीक को
(d) उपरोक्त में से किसी को नहीं

168. निम्नलिखित में से कौन सा मुस्लिम विधि का स्रोत नहीं है ?
(a) कुरान
(b) सुन्नत
(c) इज्मा
(d) श्रुति

169. निम्नलिखित में से कौन सा एक मेहर का भुगतान न किये जाने पर पत्नी का अधिकार नहीं है ?
(a) पति के साथ सम्भोग करने से इन्कार करना
(b) ऋण के रूप में मेहर की धनराशि का अधिकार
(c) मृतक पति की सम्पत्ति पर कब्जा रखना
(d) मेहर में वृद्धि या कमी का अधिकार

170. निम्नलिखित में से कौन सा एक तलाक का तरीका नहीं है ?
(a) निर्वाह-वृत्ति देने से इन्कार
(b) तलाक-उल-सुन्नत
(c) तलाक-उल-बिद्दत
(d) इला

171. विवाह विच्छेद की दशा में इद्दत की अवधि होती है
(a) चार महीने
(b) तीन चन्द्र मास
(c) दो चन्द्र मास
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

172. 'मुत्ता' विवाह को मान्यता मिली है
(a) हनफी शाखा में
(b) इथना अशारिया शाखा में
(c) मालिकी शाखा में
(d) इस्माइलिया शाखा में

**173.** The Rule of 'Rateable Abatement' applies in

(a) Wasiyat (b) Hiba

(c) Sadqa (d) Ariat

**174.** Divorce by Mutual Consent in Muslim Law is known as

(a) Lian (b) Faskh

(c) Zihar (d) Mubarat

**175.** Principle of 'Musha' is recognised by.

(a) Shia Law (b) Hanafi Law

(c) Maliki Law (d) Shafei Law

**176.** Bequest of 'Life Interest' in Muslim law is

(a) Valid (b) Void

(c) Voidable (d) None of the above

**177.** 'Doctrine of Cypres' is related with

(a) Marriage (b) Mehar

(c) Waqf (d) Hiba

**178.** Hiba of future property in Muslim Law is

(a) Invalid (b) Valid

(c) Valid under certain conditions (d) None of the above

**179.** A Sunni Muslim marries a Kitabya girl, the marriage is

(a) Void (b) Valid

(c) Irregular (d) None of the above

**180.** Dissolution of Muslim Marriage Act came into force in

(a) 1933 (b) 1937

(c) 1939 (d) 1941

**181.** Shariat Act, 1937 came into operation on

(a) $7^{th}$ Jan., 1937 (b) $7^{th}$ July, 1937

(c) $7^{th}$ June, 1937 (d) $7^{th}$ Oct., 1937

**182.** Marriage in Islam is a

(a) Contract (b) Sacrament

(c) Contract as well as sacrament (d) Neither contract nor sacrament

**173.** 'आनुपातिक ह्रास' का नियम लागू होता है

(a) वसीयत में
(b) हिबा में
(c) सदका में
(d) अरियत में

**174.** मुस्लिम विधि में पारस्परिक सम्मति से किया गया विवाह-विच्छेद कहा जाता है

(a) लिएन
(b) फस्ख
(c) ज़िहर
(d) मुबारत

**175.** 'मुशा' का सिद्धान्त मान्य है

(a) शिया विधि में
(b) हनफी विधि में
(c) मालिकी विधि में
(d) शाफई विधि में

**176.** मुस्लिम विधि में 'आजीवन हित' की वसीयत

(a) मान्य होती है ।
(b) शून्य होती है ।
(c) शून्यकरणीय होती है ।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

**177.** 'यथा सम्भव सामीप्य' का सिद्धान्त सम्बन्धित है

(a) विवाह
(b) मेहर
(c) वक्फ
(d) हिबा

**178.** मुस्लिम विधि में भावी सम्पत्ति का हिबा

(a) अवैध है ।
(b) वैध है ।
(c) कुछ शर्तों के अधीन वैध है ।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

**179.** एक सुन्नी मुस्लिम एक किताबया लड़की से विवाह करता है, ऐसा विवाह है

(a) शून्य
(b) वैध
(c) अवैध
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**180.** मुस्लिम विवाह विघटन अधिनियम प्रवर्तित हो गया था

(a) 1933 में
(b) 1937 में
(c) 1939 में
(d) 1941 में

**181.** शेरियत अधिनियम, 1937 किस तारीख से लागू हुआ ?

(a) 7 जनवरी, 1937
(b) 7 जुलाई, 1937
(c) 7 जून, 1937
(d) 7 अक्तूबर, 1937

**182.** इस्लाम में विवाह है, एक

(a) अनुबन्ध (संविदा)
(b) संस्कार
(c) अनुबन्ध (संविदा) और संस्कार
(d) न अनुबन्ध न ही संस्कार

**183.** Which of the following is not an essential of a valid Hiba (gift) ?

(a) The Declaration (Ijab)
(b) The Acceptance (Qubul)
(c) Taking of Possession (Qubza)
(d) Writing and Registration

**184.** Bohara Community follows which School of Muslim law ?

(a) Hanafi School
(b) Maliki School
(c) Jafari School
(d) Ismaili School

**185.** Under Muslim law, a will may be made of

(a) one fourth of property
(b) one third of property
(c) one half of property
(d) entire property

**186.** Dower (Mehar) absolutely belongs to

(a) The wife
(b) Wife's father
(c) Wife's mother
(d) Partly to wife and partly to wife's parents

**187.** Under which one of the following Sections of the Indian Penal Code, the word 'offence' has been defined ?

(a) Section 39
(b) Section 40
(c) Section 41
(d) Section 42

**188.** Under which Section of Indian Penal Code, the word 'Extortion' is defined ?

(a) Section 383
(b) Section 387
(c) Section 384
(d) Section 390

**189.** What is the minimum imprisonment prescribed for use of deadly weapons in dacoity under Indian Penal Code ?

(a) 10 years
(b) 7 years
(c) 5 years
(d) 14 years

**190.** Which Section of Indian Penal Code defines 'cruelty' ?

(a) Section 304–B
(b) Section 356
(c) Section 376–A
(d) Section 498–A

**191.** Which Section of Indian Penal Code provides for punishment for attempt to commit suicide ?

(a) Section 306
(b) Section 307
(c) Section 309
(d) Section 376

**192.** In which Section of Indian Penal Code the words 'Good faith' has not been used ?

(a) Section 90
(b) Section 89
(c) Section 92
(d) Section 93

183. निम्नलिखित में से कौन सा एक वैध हिबा (दान) के लिये आवश्यक तत्त्व नहीं है ?

(a) इजाब
(b) कबूल
(c) कब्जा
(d) लिखित तथा रजिस्ट्री

184. बोहरा समुदाय मुस्लिम विधि की किस शाखा को मानता है ?

(a) हनफी शाखा
(b) मालिकी शाखा
(c) जाफरी शाखा
(d) इस्माइली शाखा

185. मुस्लिम विधि के अन्तर्गत सम्पत्ति के कितने हिस्से की वसीयत की जा सकती है ?

(a) सम्पत्ति का एक चौथाई
(b) सम्पत्ति का एक तिहाई
(c) आधी सम्पत्ति
(d) पूरी सम्पत्ति

186. दहेज (मेहर) पूर्णत: किसका है ?

(a) पत्नी का
(b) पत्नी के पिता का
(c) पत्नी की माता का
(d) आधा पत्नी का तथा आधा पत्नी के माता-पिता का ।

187. भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा के अन्तर्गत 'अपराध' शब्द को परिभाषित किया गया है ?

(a) धारा 39
(b) धारा 40
(c) धारा 41
(d) धारा 42

188. भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा के अन्तर्गत 'उद्दापन' शब्द को परिभाषित किया गया है ?

(a) धारा 383
(b) धारा 387
(c) धारा 384
(d) धारा 390

189. भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत डकैती में घातक आयुध उपयोग करने पर न्यूनतम कितना कारावास निहित है ?

(a) 10 साल
(b) 7 साल
(c) 5 साल
(d) 14 साल

190. भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा में क्रूरता की परिभाषा दी गई है ?

(a) धारा 304-ख
(b) धारा 356
(c) धारा 376-क
(d) धारा 498-क

191. भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा में आत्महत्या के प्रयत्न के लिये दण्ड का प्रावधान है ?

(a) धारा 306
(b) धारा 307
(c) धारा 309
(d) धारा 376

192. भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा में 'सद्भाव' शब्दों को उपयोग में नहीं लाया गया है ?

(a) धारा 90
(b) धारा 89
(c) धारा 92
(d) धारा 93

**193.** Which Section of Indian Penal Code contains doctrine of transferred malice ?

(a) Section 299
(b) Section 300
(c) Section 301
(d) Section 302

**194.** In which case the Supreme Court of India has said that the time has come when Section 309 of the I.P.C. should be deleted by Parliament ?

(a) Aruna Ramchandra Shanbaug V. Union of India
(b) Gian Kaur Vs. State of Punjab
(c) Both of the above
(d) None of the above

**195.** In which Section of Indian Penal Code "Unlawful Assembly" has been defined ?

(a) Section 141
(b) Section 142
(c) Section 140
(d) Section 143

**196.** Under which Section of I.P.C. a hangman who hangs criminals in pursuant to the order of Judge under I.P.C. is exempted from criminal liability ?

(a) Section 76
(b) Section 77
(c) Section 79
(d) None of the above

**197.** 'A' meets 'B' on National Highway, shows him a pistol and demands B's purse. 'B' in consequence surrenders his purse. Which one of the following offences was committed by 'A' ?

(a) Theft
(b) Robbery
(c) Dacoity
(d) None of the above

**198.** Under I.P.C. punishment for the offence of importing girls from any country outside India or from the State of Jammu and Kashmir is upto 10 years if the age of the girl is under ______.

(a) 14 years
(b) 16 years
(c) 18 years
(d) 21 years

**199.** Which Section of the Indian Penal Code deals with the defence of involuntary intoxication ?

(a) Section 84
(b) Section 85
(c) Section 86
(d) Section 87

**200.** The Right of Private Defence of body extends to causing deaths if there is

(a) apprehension of death
(b) apprehension of grievous hurt
(c) intention of committing rape
(d) All the above

193. भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा में अन्तरित विद्वेष का सिद्धान्त निहित है ?

(a) धारा 299
(b) धारा 300
(c) धारा 301
(d) धारा 302

194. किस वाद में भारतीय उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अब समय आ गया है कि भारतीय दण्ड संहिता की धारा 309 को संसद द्वारा निकाल देना चाहिये ?

(a) अरुणा रामचन्द्र शानबाग बनाम भारत संघ
(b) ज्ञान कौर बनाम पंजाब राज्य
(c) उपर्युक्त दोनों में
(d) उपर्युक्त में से किसी में नहीं

195. भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा में "विधि विरुद्ध जमाव" को परिभाषित किया गया है ?

(a) धारा 141
(b) धारा 142
(c) धारा 140
(d) धारा 143

196. किस धारा में एक जल्लाद न्यायाधीश के आदेश के अनुपालन में एक अपराधी को भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत फाँसी की सजा देता है, तो वह आपराधिक दायित्व से मुक्त होता है ?

(a) धारा 76
(b) धारा 77
(c) धारा 79
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

197. 'A', 'B' को राष्ट्रीय राजमार्ग पर मिलता है, उसे पिस्तौल दिखा कर उसका पर्स माँगता है । परिणाम स्वरूप 'B' अपना पर्स उसे दे देता है । निम्नलिखित में से कौन सा अपराध 'A' ने किया ?

(a) चोरी
(b) लूट
(c) डकैती
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

198. निम्न में से किस उम्र तक की लड़की का भारत में, बाहर के किसी देश से या जम्मू तथा कश्मीर से आयात करना 10 वर्ष तक के कारावास के दण्ड का विधान है ?

(a) 14 वर्ष
(b) 16 वर्ष
(c) 18 वर्ष
(d) 21 वर्ष

199. भारतीय दण्ड संहिता की कौन सी धारा अनैच्छिक मत्तता के आधार पर प्रतिरक्षा से सम्बन्धित है ?

(a) धारा 84
(b) धारा 85
(c) धारा 86
(d) धारा 87

200. शरीर की प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार मृत्यु कारित करने तक जाता है यदि

(a) मृत्यु की आशंका हो
(b) घोर उपहति की आशंका हो
(c) बलात्संग करने का आशय हो
(d) उपर्युक्त सभी

**Space For Rough Work / कच्चे काम के लिए जगह**